फाइल नं0-71-3002(002)/15/2024-03

47/2024/I/521077/2024

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 15 मार्च, 2024

विषयः- वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत फेज-3 के 03 मेडिकल कालेज हेतु 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) मद में धनराशि का आवंटन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, बुलन्दशहर के पत्र संख्या-के0एस0जी0एम0सी0/बजट/मांग पत्र/2023-24/2046, दिनॉक 20.02.2024, प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, अमेठी के पत्र संख्या-मे0का0अ0/बजट आवंटन/2024/125, दिनॉक 05.03.2024 तथा प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, सुल्तानपुर के पत्र संख्या–ए0एस0एम0सी0/बजट मांगपत्र/2023-24/292, दिनॉक 06.03.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा मेडिकल कालेज, बुलन्दशहर, अमेठी तथा सुल्तानपुर हेतु गैर वेतन मद में धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि फेज-3 के मेडिकल कालेज हेतु गैर वेतन मद में शासनादेश दिनांक 09.05.2023 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में रू0 1750.00 लाख (14 मेडिकल कालेजों हेतु), शासनादेश दिनांक 09.11.2023 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 1750.00 लाख (14 मेडिकल कालेजों हेतु), शासनादेश दिनांक 24.01.2024 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू0 1125.00 लाख (09 मेडिकल कालेजों हेतु) तथा शासनादेश दिनॉक 19.02.2024 द्वारा रू0 1750.00 लाख (03 मेडिकल कालेजों हेतु तृतीय एवं चतुर्थ किश्त तथा 04 मेडिकल कालेजों हेतु चतुर्थ एवं पंचम किश्त), इस प्रकार कुल रू0 6375.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि फेज-3 के मेडिकल कालेज बुलन्दशहर, अमेठी तथा सुल्तानपुर हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में लेखाशीर्षक '2210-05-105-03-93' फेज-3 के अन्तर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों का संचालन में मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में प्राविधानित धनराशि रू0 10500.00 लाख के सापेक्ष निम्न विवरणानुसार रू0 625.00 लाख **(रू0 छः करोड़ पच्चीस लाख मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र 0	मेडिकल कालेज का नाम	बजट प्राविधान	वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध बजट के सापेक्ष अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	**2**	**3**	**4**
1	बुलन्दशहर	750.00	375.00 (चतुर्थ, पंचम एवं छठी किश्त)
2	अमेठी	750.00	125.00 (छठी किश्त)
3	सुल्तानपुर	750.00	125.00 (छठी किश्त)
	कुल योग-	**2250.00**	**625.00**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्ध

1. स्वीकृत धनराशि बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण, आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार से आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उसी मद में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किन्ही अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231 /2023, दिनांक 17.03.2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
4. स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा, इसके अभाव में अनुदान की आगामी किश्त निर्गत किया जाना सम्भव नहीं होगा।
5. धनराशि को कोषागार से मेडिकल कालेज के वित्त नियंत्रक द्वारा आहरित किया जायेगा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।
6. यदि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवमुक्त की गयी धनराशि अवशेष है, तो उसका समायोजन करने के पश्चात ही चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण किया जाये।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 6,25,00,000 (रुपये छः करोड़ पच्चीस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में **अनुदान संख्या** 031 **लेखाशीर्षक** 2210051050393 फेज-3 के अन्तर्गत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों का संचालन **मानक मद 20 सहायता अनुदान – सामान्य (गैर वेतन)** के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश कम्प्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या-ई-3-465/दस-2023-24, दिनॉक 14 मार्च, 2024 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
उप सचिव।

संख्या/तद्दिनांक, उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. प्रधानाचार्य/नोडल प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बुलन्दशहर, अमेठी तथा सुल्तानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, बुलन्दशहर, अमेठी तथा सुल्तानपुर।
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
उप सचिव।

http://shas

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।